एक नजर में

दिंडी यात्रा में शहर होगा विट्ठलमय

इंदौर . आषाढ़ी एकादशी पर 6 जुलाई की सुबह 6 बजे कृष्णपुरा छत्री से दिंडी यात्रा निकलेगी . यह जानकारी देते हुए समग्र मराठी समाज इंदुर की विनीता धर्म ने बताया कि आयोजन का यह 20 वाँ वर्ष है . यात्रा की तैयारिया बीते कई दिनों से चल रही है . समिति के भूपेंद्र पराड कर और पुनीत गुंजाल ने बताया कि दिंडी यात्रा कृष्णपुरा छत्री से शुरू होकर राजवाडा होते हुए पंढरीनाथ मन्दिर जायेगी, जहा महाआरती होगी . बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर, सदागुरु अंण्णा महाराज, श्रीराम कोकजे, महामंडलेश्वर दादू महाराज, विवेक बर्वे गुरुजी, सुनील शास्त्री, अमृतफले महाराज आदि संत -महंत शामिल होंगे . दिंडी यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों की भजन मंडलियां झांच की ताल पर भजन करते हुए चलेगी .

संत किरीट भाई का गुरू पूर्णिमा महोत्सव 12 को

इंदौर . प्रख्यात संत, ब्रह्मऋषि किरीट भाईजी इस बार 12 जुलाई को अपने शिष्यों और भक्तों के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव मनाने के लिए इंदौर आएंगे। वे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में सांय 4 से 7 बजे तक तुलसी परिवार इंदौर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों और शिष्यों को आशीर्वचन देंगे, उनकी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे और ठाकुरजी का पूजन भी करेंगे . तुलसी परिवार इंदौर के प्रमुख संयोजक सुनील मालू, संजय सोनी, मितेश जोशी एवं राजेश नेमा ने बताया कि भाईजी ने गुरूपूर्णिमा के उपलक्ष्य में अपनी कृपा वर्षा यात्रा गत 28 जून से मॉरीशस से प्रारंभ की है . वे देश के प्रमुख शहरों के भक्तों और शिष्यों को दर्शन देने के बाद 12 जुलाई को इंदौर पहुंचेंगे और सांय 4 से 7 बजे तक जाल सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में कृपा वर्षा करेंगे . उनकी यह गुरू पूर्णिमा यात्रा 21 जुलाई को गुजरात के सूरत में संपन्न होगी . उनके शहर आगमन पर तुलसी परिवार ने उनके गरिमापूर्ण स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं .

लंगर सेवा के लिए एक और ट्रक राशन भेजा

इंदौर . अमरनाथ यात्रा मार्ग पर शहर के मनकामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर नवलखा के भक्तों की ओर से दो ट्रक ट्रकों में भरकर 40 मेट्रिक टन खाद्य सामग्री बालटाल और पंचतरणी पहुंचाई गई है . यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होगी, लेकिन दोनों स्थानों पर लंगर सेवा रविवार सुबह से शुरू कर दी गई है . पहला ट्रक 22 जून को और दूसरा ट्रक 29 जून की शाम को विदा किया गया . खन्ना (पंजाब) के अमरनाथ बर्फानी सेवा दल के साथ यात्रा मार्ग पर देश-विदेश के भक्तों को दोनों लंगरों पर 24 घंटे मालवा एवं इंदौर के व्यंजन रक्षाबंधन तक उपलब्ध रहेंगे . मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, संयोजक बीके गोयल ने बताया कि अमरनाथ यात्रा मार्ग पर पहला लंगर बालटाल में स्ट्रीट नंबर दो, लोहे के पुल के पास 5 नंबर और दूसरा पंचतरणी में शेषनाग गेट के पास दो नंबर पर शुरू कर दिए गए हैं . बालटाल में किसी तरह की असुविधा होने या जानकारी प्राप्त करने के लिए इंदौर के भक्त गोपालजी से 98158-58566 एवं पंचतरणी में ललित जोशी से 98768-55599 पर संपर्क कर सकते है . बालटाल में 35 बाय 90 का शेड बनाया गया है, जहां 5 हलवाई एवं 10 सेवादार तथा पंचतरणी में 80 बाय 100 के शेड में लंगर शुरू हो गए हैं, जहां 10 हलवाई एवं 15 सेवादार प्रतिदिन सेवाएं देंगे। दोनों शिविरों में 200 श्रद्धालुओं के विश्राम की व्यवस्था रखी गई है। सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह निशुल्क रहेंगी .

प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में 11 हजार जाँचे



इंदौर . संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर गैर संचारी रोगों की रोकथाम के लिये इंदौर में स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा प्रीवेंटिव हेल्थ केयर कार्यक्रम के तहत जून माह में 13 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये। जिसमें 11 हजार से अधिक लोगों की जाँच की गई . इसमें हार्ट, लिवर, कैंसर, टीबी, हड्डी एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी अत्याधुनिक जाँचें की गई . फाउंडर चेयरमैन डॉ . विनोद भंडारी ने बताया कि संभागायुक्त की पहल पर आयोजित किए गए इन प्रिवेंटिव हेल्थ चेकअप कैंप्स में जाँचों के दौरान ऐसे मरीजों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जो फिलहाल किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अथवा जिनके निकट भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की आशंका है . ऐसे मरीजों में हार्ट, कैंसर, लिवर, आर्थो आदि के मरीज भी शामिल हैं . इन सभी मरीजों को समुचित उपचार हेतु निर्देशित कर उन्हें जरूरी चिकित्सकीय सलाह एवं जानकारियाँ प्रदान की गई। चुनिंदा मरीजों का इलाज श्री अरबिंदो अस्पताल में प्रारंभ कर दिया गया है। इलाज के दौरान उन्हें आयुष्मान एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जा रहा है . डॉ . आदित्य चौरसिया ने बताया कि गैर-संचारी रोगों की जाँच एवं इलाज के तहत 13वाँ कैंप सोमवार को गांधी हॉल में आयोजित किया गया। इसमें इंदौर के वरिष्ठ चिकित्सक एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे। इंदौर जोन के इन स्वास्थ्य शिविरों की समीक्षा के पश्चात संभाग के अन्य जिलों में भी इसी प्रकार के शिविरों की रूपरेखा तय की जाएगी। इस संबंध में गांधी हॉल शिविर में निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ . माधव हसानी से भी चर्चा की गई है .

एक दिवसीय रोजगार व अप्रेन्टिसशिप मेला 7 को

इंदौर . राज्य शासन की मंशा के अनुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में एक संयुक्त रोजगार मेला (युवा संगम) जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 07 जुलाई सोमवार को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दा नगर में आयोजित होगा . उप संचालक (रोजगार) श्री पी .एस . मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया हेतु मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां 350 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से साक्षात्कार लेकर चयन किया जायेगा . उक्त रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष तक के आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

नव भारत
महू में नवभारत की अखबार प्रति
समाचार व विज्ञापन के लिए
सम्पर्क करें :-
ब्रजेश अमोनिया
9131399132

आपातकालीन हालात से निपटने की तैयारी जांची

डी मॉर्ट पर पुलिस ने की बम थ्रेट मॉक ड्रिल

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने रेती मंडी के पास डी मॉर्ट पर बम थ्रेट को लेकर मॉक ड्रिल की. इस दौरान यह परखा गया कि किसी लावारिस या संदिग्ध वस्तु संभावित विस्फोटक मिलने की स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था किस तरह काम करती है.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा शाखा और बीडीडीएस बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने यह अभ्यास किया. मॉक ड्रिल में सहायक पुलिस आयुक्त सुरक्षा राजकुमार सराफ व बीडीडीएस प्रभारी खालिद मुश्ताक मौजूद रहे.

टीम ने डी मॉर्ट के सुरक्षा स्टाफ के साथ मिलकर विभिन्न आपात स्थितियों में तत्काल क्या कदम उठाए जाएं, इसका जीवंत प्रदर्शन किया. मॉक ड्रिल के दौरान यह समझाया कि लावारिस या विस्फोटक सामग्री की आशंका होने पर भीड़ को कैसे नियंत्रित किया जाए, परिसर को किस तरह खाली कराया जाए और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या प्राथमिक कदम उठाए जाएं.

पुलिस अधिकारियों ने स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और समझाया कि ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ और सतर्कता से काम करना जरूरी होता है.

न फर्जीवाड़े का ठोस सबूत, न आधार की जांच, कोर्ट से बरी हुआ आरोपी

नव भारत न्यूज

इंदौर. खुद को आईएएस अधिकारी बताकर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किए युवक को अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र सिंह कुशवाह की अदालत ने दोषमुक्त करार दे दिया. पुलिस ने आरोपी के पास से कथित फर्जी आधार कार्ड और सिम जब्त करने का दावा किया था, लेकिन लचर विवेचना के चलते केस अदालत में टिक नहीं पाया. मामला लसूडिया क्षेत्र का है, जहां अंबाह जिला मुरैना निवासी रामदास सिंह गुर्जर के खिलाफ कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ पटवारी संतोष कुमार चौधरी की रिपोर्ट पर धोखाधड़ी की विभिन्न रामदास ने 10 जनवरी 2023 से 5 सितंबर 2023 के बीच खुद को दिल्ली में पदस्थ आईएएस अधिकारी अमित सिंह बताकर फरियादी को गुमराह किया. कोर्ट ने अपने निर्णय में पुलिस जांच को कई स्तर पर कमजोर माना. फरियादी ने रिपोर्ट में कहा था कि नायब तहसीलदार नीतेश भार्गव ने खुद आरोपी का मोबाइल नंबर देते हुए उसे आईएएस अधिकारी बताया था, लेकिन पुलिस ने न तो नायब तहसीलदार को साक्षी बनाया, न ही उनके बयान कोर्ट में प्रस्तुत किए. यह अहम कड़ी जांच में शामिल ही नहीं की गई. इसके अलावा पुलिस ने जो आधार कार्ड आरोपी से जब्त किया था, उसकी फॉरेंसिक जांच भी नहीं कराई थी. कोर्ट ने फैसले में उल्लेख किया कि आधार कार्ड के नंबर के माध्यम से उसकी वैधता की पुष्टि करना सरल प्रक्रिया है. इन सभी गंभीर खामियों के चलते आरोप प्रमाणित नहीं हो सके और कोर्ट ने आरोपी रामदास सिंह गुर्जर को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया.

> खुद को बताया था दिल्ली में पदस्थ आईएएस, पुलिस ने जब्त किया था कथित फर्जी आधार कार्ड

किसानों को उन्नत किस्म के बीज और मानक स्तर का खाद मिले

कृषि और इससे जुड़े विभागों की बैठक सम्पन्न

इंदौर. जिले में खरीफ मौसम के दौरान बोवनी का कार्य तेजी से जारी है. किसानों को समय पर खाद, बीज सहित अन्य कृषि साधन उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है. कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां कृषि और इससे जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि कार्यों की समीक्षा की.

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास सी.एल. केवड़ा, कृषि तकनीकी प्रबंध संस्थान की परियोजना संचालक सर्ली थामस सहित उद्यान, मण्डी बोर्ड, पशुपालन आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में 2 लाख 52 हजार हेक्टेयर में बोवनी का लक्ष्य था, जिसमें से 2 लाख 27 हजार हेक्टेयर में बोवनी हो चुकी है, जो कुल बोवनी का लगभग 90 प्रतिशत है. इसमें सर्वाधिक प्रतिशत सोयाबीन का है। सोयाबीन की बोवनी 2 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होनी थी, जिसमें से 2 लाख 10 हजार हेक्टेयर में हो चुकी है. बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने लक्ष्मीबाई नगर कृषि मण्डी को आदर्श मण्डी बनाने के लिये प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये. कलेक्टर ने कहा कि किसानों को उन्नत किस्म के बीज मिले और मानक स्तर का खाद मिले, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये. जिले में अमानक खाद की बिक्री नहीं हो इसका ध्यान रखा जाये. पशुपालकों को उन्नत किस्म के पशु

अधिकारी समयसीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें : कलेक्टर

राजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न

इंदौर. जिले में राजस्व महाअभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है. इसके अंतर्गत तेजी से राजस्व प्रकरण निराकृत हो रहे हैं. कलेक्टर आशीष सिंह ने आज यहां राजस्व अधिकारियों की बैठक में इस अभियान के प्रगति की समीक्षा की.

उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत निर्धारित अवधि में लंबित प्रकरण निराकृत किए जाएं. राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अधिकारी पारदर्शिता, ईमानदारी, गुणवत्ता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें. कार्यों में गति लायें.

समन्वय बनाकर कार्य करें. प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी. कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मध्य जुलाई तक सभी प्रकरणों का निराकरण हो जाये. इसके लिये कार्ययोजना बनायी जाये. अधिकारी मैदान में जाकर कार्य करें और उसकी सतत मॉनीटरिंग करें.

बैठक में अपर कलेक्टर गौरव बेनल, रोशन राय, रिंकेश वैश्य सहित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे.

बैठक में बताया गया कि जिले में नामांतरण के जून माह में कुल 3408 प्रकरण निराकृत हुए. विवादित नामांतरण के 279 प्रकरण निराकृत किये गये. बंटवारा के 312 प्रकरण और विवादित बंटवारा के 12 प्रकरणों का निराकरण किया गया. इसी तरह सीमांकन के 2120 प्रकरण, रास्ता विवाद के 80 प्रकरण निराकृत हुए. बटांकन के 861 और कब्जा विवाद के 108 प्रकरण निराकृत किये गये. बैठक में अधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे.

धर्म आराधना से आत्मा का कल्याण होता है : आचार्य विश्वरत्न

80 साधु-साध्वी भगवंतों के साथ किया नगर में प्रवेश
कालानी नगर उपाश्रय में की प्रवचनों की अमृत वर्षा

इन्दौर. आचार्य नवरत्न सागर सूरीश्वरजी के कृपा पात्र शिष्य आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर ने सोमवार को अपने 80 साधु-साध्वी भगवंतों के साथ नगर में प्रवेश किया. आचार्यश्री के साथ 150 जिनालयों के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाज श्रीसंघों के कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे. आचार्यश्री की अगवानी में अलग-अलग श्रीसंघों से आई महिला मंडलों ने भजनों की प्रस्तुति दी तो वहीं अन्य महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर आचार्यश्री की अगवानी की. इन्दौर में आचार्यश्री का चातुर्मास 18 साल बाद नृसिंह वाटिका में होने जा रहा है.

श्री अबुर्द गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति संयोजक पुण्यपाल सुराणा एवं कैलाश नाहर ने बताया कि 60 फीट रोड़ स्थित रतनबाग से गाजे-बाजे के साथ आचार्यश्री का नगर प्रवेश जुलूस निकला। जुलूस में आचार्यश्री के साथ आचार्य भगवंत पीयुषभद्र सूरीश्वरजी डहेलावाला, अनुयोगाचार्य आचार्य देव नयचन्द्रसागर सूरीश्वरजी एवं वागड़ विभूषण आचार्यदेव मृदुरत्नसागर सूरीश्वरजी आदिठाणा भी मौजूद थे. वहीं साध्वी भगवंत हेमेन्द्रश्रीजी, दमिता श्रीजी, पूर्णयशा श्रीजी, अमितगुणा श्रीजी, चारूधर्मा श्रीजी, निर्मलगुणाश्रीजी, शीलपूर्णा श्रीजी, हेमप्रज्ञा श्रीजी आदि शताधिक श्रमणी भगवंत का भी आशीर्वाद जैन धर्मावलंबियों को प्राप्त हुआ। आचार्यश्री का मंगल प्रवेश जुलूस हर्षोउल्लास के साथ निकाला गया. जुलूस के अग्र भाग में जहां बैंड़-बाजों की स्वरलहरियों पर सभी युवा नाचते-झूमते चल रहे थे तो वहीं जुलूस के मध्य भाग में अलग-अलग श्रीसंघों से आई महिला मंडल भजनों की प्रस्तुति के साथ ही जिन शासन के जयकारे भी जुलूस के मार्ग में लगा रही थी.

नगर प्रवेश के मुख्य लाभार्थी कलावती-सोहनलाल खिंदावत परिवार थे, जिन्होंने आचार्यश्री की अगवानी कर आशीर्वाद प्राप्त किया. मंगल प्रवेश जुलूस में अरविंद डोसी, कमलेश कोठारी, सुनील पटवा, नरेंद्र बोथरा, मनीष सुराणा, ललित सी जैन, प्रीतेश ओसतवाल, यशवंत जैन, डॉ. प्रकाश बागानी, पारस बोहरा, प्रदीप मण्डोवरा, शेखर गेलड़ा सहित बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी मौजूद थे। प्रवचन के पूर्व कार्यक्रम का संचालन शैलेष जैन ने किया. संयोजक पुण्यपाल सुराणा एवं कैलाश नाहर ने बताया कि आचार्यश्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी के चातुर्मास में 108 तीर्थों की भाव यात्रा, नवकार महामंत्री की आराधना सहित विभिन्न अनुष्ठान के आयोजन भी होंगे.

> **सभी धर्मों में चातुर्मास का महत्व ...**
>
> कालानी नगर जिनालय व उपाश्रय में आचार्यश्री विश्वरत्न सागर सूरीश्वरजी मसा ने चातुर्मास प्रवेश की महत्ता बताते हुए कहा कि वर्षाकाल जीवों की उत्पत्ति का काल है. वर्षाकाल में जीवों की विशेष मात्र में उत्पत्ति होती है। जीवों के प्रति दया का भाव रखते हुए जैन साधु-साध्वी चार माह तक एक ही स्थान पर स्थिर रहकर सभी श्रावक-श्राविकाओं का मार्ग प्रशस्त करते हैं. चातुर्मास का महत्व केवल जैन धर्मों में ही नहीं अपितु सभी धर्मों में महत्व है. चातुर्मास में जैन धर्म में शुभ कार्य बंद हो जाते हैं और विशेष प्रकार से इन्हीं चार माह में धर्म आराधना की जाती है. धर्म आराधना से आत्मा का कल्याण होता है जिससे श्रावक-श्राविकाओं को पुण्य फल प्रदान होता है.

इंदौर से स्थानांतरित संयुक्त संचालक डॉ . पटेल को दी भावभीनी विदाई

इंदौर. संभागीय जनसंपर्क कार्यालय, इंदौर में पदस्थ संयुक्त संचालक डॉ. आर.आर. पटेल को भोपाल स्थानांतरित होने पर सोमवार को एक गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई दी गई. कार्यक्रम में जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही इंदौर के मीडिया संगठनों के प्रतिनिधियों ने डॉ. पटेल के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

कार्यक्रम में जिला पंचायत इंदौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, इंदौर प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, मध्यप्रदेश स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, वूमन्स प्रेस क्लब की अध्यक्ष शीतल राय सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे. मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने डॉ. पटेल के प्रशासन और प्रेस के बीच सेतु के रूप में निभाई गई भूमिका को अनुकरणीय बताया. इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी ने कहा कि डॉ. पटेल एक विलक्षण अधिकारी हैं, जिन्होंने मीडिया और प्रशासन के बीच सशक्त समन्वय स्थापित कर इंदौर को नई पहचान दी.वरिष्ठ पत्रकार कीर्ति राणा ने भी अपने अनुभव साझा किया. समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने डॉ. पटेल के प्रशासनिक योगदान, मीडिया से उनके सौहार्दपूर्ण संबंधों और जनसंपर्क क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की. उपस्थित जनों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर शुभकामनाएं दीं. डॉ. आर.आर. पटेल ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इंदौर में कार्यकाल उनके लिए अत्यंत प्रेरक और सीख से भरपूर रहा.

गंदगी और कीचड़ से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन, सड़क सुधार की मांग

देपालपुर. गांव जलोदिया पंथ के ग्रामीणों ने कीचड़ और गंदगी की गंभीर समस्या को लेकर जनपद सीईओ को ज्ञापन सौंपा.

गांव की मुख्य पगडंडी, जो स्कूल, शमशान घाट, उप स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन तक जाती है, बारिश के चलते कीचड़ में तब्दील हो गई है. ग्रामीणों के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा डाली गई पीली मिट्टी के कारण यह रास्ता बेहद फिसलनभरा हो गया है, जिससे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

समाजसेवी रोहित पटेल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जनपद कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और मांग की कि जल्द से जल्द उक्त मार्ग पर मुरम डाली जाए ताकि रास्ता समतल और सुरक्षित बनाया जा सके.

थर्म-आस्था राजबाड़ा पर भगवान के रथ के दर्शनार्थ पहुंचे 25 हजार से अधिक भक्त

विदेशी संतों-भक्तों के सम्मान के साथ रथयात्रा का समापन

इंदौर. रविवार को अन्नपूर्णा मंदिर से राजबाड़ा स्थित गोपाल मंदिर तक निकाली गई इस्कॉन मंदिर की जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन देश-विदेश से आए संतों एवं भक्तों के सम्मान तथा इसके पूर्व भगवान जगन्नाथ पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ.

इस अवसर पर इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामन दास ने इस्कॉन से जुड़े समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल सहित रथयात्रा में सहयोग देने वाले बंधुओं का भी सम्मान किया. राजबाड़ा पर देर रात तक 20 से 25 हजार भक्तों ने रथ एवं भगवान के दर्शनों का पुण्य लाभ उठाया.

रथयात्रा प्रभारी हरि अग्रवाल, यात्रा संयोजक किशोर गोयल, शैलेंद्र मित्तल एवं भावेश दवे ने बताया कि अन्नपूर्णा मंदिर से गोपाल मंदिर तक पांच किमी की दूरी तय करने में यात्रा को 6 घंटे से ज्यादा समय लगा. मार्ग में बने स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा कर स्वागत व भगवान की आरती की गई. बीच बीच मे हो रही बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम नही कर पाई. ऐसा लग रह था कि मानो इन्द्रदेवता स्वयं भगवान जगन्नाथ जी के रथ के लिये मार्ग की सफाई कर रहे है. जगह-जगह लगे मंचों से पुष्प वर्षा, फलाहार वितरण, शीतल पेय, छाछ एवं फल वितरण व प्रसाद वितरित करने में भक्तों के जोश और उत्साह की कोई सीमा नहीं थी, लेकिन कहीं भी कोई दुर्घटना, यातायात जाम या अन्य अव्यवस्था नहीं हो सकी. राजबाड़ा पर भक्तों के लिये खिचड़ी प्रसाद की व्यवस्था की गई थी.

प्रस्तुतियों ने मन मोहा

ऑस्ट्रेलिया एवं अमेरिका, कतर से आए इस्कॉन के संतों व भक्तों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया. समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, विष्णु बिंदल, विनोद सिंघानिया, अनिल भंडारी ने सभी कलाकारों का सम्मान किया, वहीं इस्कॉन के अध्यक्ष स्वामी महामन दास ने भी रथयात्रा एवं मंदिर के सहयोगी बंधुओं का सम्मान किया. अ.भा. अग्रवाल महासभा ने भी मंच लगाकर यात्रा का स्वागत किया. मुकेश बृजवासी, दिनेश जिंदल व डॉ कमलेश अग्रवाल, ओम अग्रवाल, सुनील अग्रवाल तथा फतेहपुरिया समाज की ओर स मंच लगाकर देवकीनंदन सिंघानिया, धीरज गर्ग, सतीश अग्रवाल, हुकमचंद अग्रवाल, राजेंद्र मित्तल आदि ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव के साथ रथयात्रा का स्वागत किया. हरि अग्रवाल ने सबका आभार माना.